श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 107, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित


नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार, 23 नवम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## काशी में देव दीपावली देखने आ रहे पीएम मोदी, सीएम योगी करेंगे अगवानी

**देव दीपावली की भव्यता देखने के लिए 30 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनारस आ रहे हैं। दोपहर तीन बजे मिर्जामुराद के खजुरी गांव में आयोजित जनसभा में पहुंचेंगे। वहां शारीरिक दूरी के नियम का पालन करते हुए पांच हजार लोग जुटेंगे।**





**वाराणसी, जेएनएन।** काशी में होने वाली भव्य देव दीपावली के दीदार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। देव दीपावली की भव्यता देखने के लिए 30 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनारस आ रहे हैं। यह पहला मौका होगा जब देव दीपावली पर पीएम मोदी अपने संसदीय क्षेत्र में होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर तीन बजे मिर्जामुराद के खजुरी गांव में आयोजित जनसभा में पहुंचेंगे। वहां शारीरिक दूरी के नियम का पालन करते हुए पांच हजार लोग जुटेंगे। जनसभा को संबोधित करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हेलीकाप्टर से डोमरी गांव पहुंचेंगे। बाबा अवधूत भगवान रामघाट से क्रूज पर सवार होंगे व गंगा में सफर करते हुए विश्वप्रसिद्ध देव दीपावली की आभा निहारेंगे।

दशाश्वमेध घाट पर आयोजित गंगा आरती में भी उनके शिरकत करने की संभावना है। इसके बाद क्रूज से राजघाट जाएंगे और वहां से सारनाथ पहुंचेंगे। वहां लाइट एंड साउंड शो देखने के बाद रिंग रोड होते हुए रात नौ बजे तक बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से दिल्ली रवाना हो जाएंगे। जिला प्रशासन और भाजपा संगठन को प्रधानमंत्री के आगमन की मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार रविवार को तैयारियां पूरी करने को अफसरों ने मौका-मुआयना किया।

बता दें कि अयोध्या में दीपावली के अवसर पर भव्य दीपोत्सव के सफल आयोजन के बाद अब उत्तर प्रदेश की योगी सरकार काशी की विश्व प्रसिद्ध देव दीपावली को और भी भव्य बनाने की तैयारी कर रही है। देव दीपावली पर पिछले साल काशी के घाटों को दस लाख दीयों से रोशन किया गया था, जबकि इस बार देव दीपावली को भ०?य बनाने के लिए 15 लाख से अधिक दीये जलाने की तैयारी है।

30 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा के दिन बनारस के 84 घाट 15 लाख दीये जालाए जाएंगे। गंगा नदी में पानी की लहरों पर लेजर शो एवं प्रोजेक?टर के माध्यम से काशी की महिमा, शिव की महिमा एवं गंगा अवतरण आदि का भव्य प्रदर्शन होगा। बनारस के घाटों पर देव दिवाली हर साल बड़े पैमाने पर मनाई जाती है और दुनिया भर से लोग इसे देखने आते हैं।

## यूपी में भी दोबारा सिर उठाने लगा कोरोना दिल्ली से सटे जिलों में बढ़ी चौकसी

**उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस के 2588 नए मामले सामने आये हैं जबकि 37 लोगों की मौत हो गई है। इस अवधि में 2187 मरीज स्वस्थ भी हुए हैं। अब प्रदेश में कोरोना संक्रमण के कुल 23806 एक्टिव मामले हैं।**



**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** उत्तर प्रदेश में भी कोरोना वायरस का संक्रमण के दोबारा सिर उठाने लगा है। पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश में 2588 नए मामले सामने आये हैं, जबकि इस जानलेवा वायरस के कारण 37 मरीजों को जान गंवानी पड़ी। इस अवधि में 2187 मरीज स्वस्थ भी हुए हैं। अब प्रदेश में कोरोना संक्रमण के कुल 23,806 एक्टिव मामले हैं। प्रदेश में कोरोना संक्रमण से रिकवरी की दर 94.04 प्रतिशत है।

कोरोना वायरस से सर्वाधिक प्रभावित जिलों में लखनऊ में 351, मेरठ में 283, गाजियाबाद में 189, गौतम बुद्ध नगर में 171, कानपुर नगर में 118, प्रयागराज में 110, वाराणसी में 102 नए संक्रमित मरीज मिले हैं। कोरोना से लखनऊ में छह, मेरठ में चार, जालौन में तीन, मथुरा व बहराइच में दो-दो, प्रयागराज, गौतमबुद्ध नगर, गोरखपुर, आगरा, सहारनपुर, अयोध्या, बाराबंकी, लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, देवरिया, बुलंदशहर, इटावा, रायबरेली, सीतापुर, सोनभद्र, फरुर्खाबाद, मैनपुरी, बांदा, औरैया और संभल में एक-एक मरीज की मौत हुई।

दिल्ली में कोरोना संक्रमण के फिर पैर पसारने के बाद सीमावर्ती जिलों में संक्रमण बढ़ा है। अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल ने बताया कि इसे देखते हुए दिल्ली की सीमा से लगे जिलों में कोरोना टेस्टिंग बढ़ाने के साथ अस्पतालों में चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर जोर है। दिल्ली से आने वालों की रैंडम चेकिंग भी की जा रही है।

अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश में कुल 1,75,128 सैंपल की जांच की गई। प्रदेश में होम आइसोलेशन में 10,902 लोग हैं। निजी चिकित्सालयों में 2356 मरीज इलाज करा रहे हैं। बाकी मरीज एल-1, एल-2 तथा एल-3 के सरकारी अस्पतालों में अपना इलाज करा रहे हैं।

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य ने बताया कि नवंबर माह में पॉजिटिविटी रेट 1.6 प्रतिशत है। सबसे अधिक पॉजिटिविटी रेट वाले जिले गौतमबुद्ध नगर, मेरठ, गाजियाबाद, लखनऊ और वाराणसी हैं। वहीं सबसे कम पॉजिटिविटी रेट वाले जिलों में अंबेडकरनगर, हाथरस, बलरामपुर, कानपुर देहात और श्रावस्ती शामिल हैं।

**स्वस्थ होने वालों की सुस्त हुई रफ्तार :** यूपी में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों के स्वस्थ होने की रफ्तार सुस्त हुई है। बीते एक महीने में एक्टिव केस कम घटे हैं। अब एक अक्टूबर से लेकर 21 अक्टूबर तक कोरोना की स्थिति देखी जाए तो एक अक्टूबर को प्रदेश में कोरोना संक्रमित मरीज 4,03,177 थे, तब तक 3,46,859 रोगी ठीक हुए थे, 5,864 लोगों की मौत हुई थी और 50,378 एक्टिव केस थे। 21 अक्टूबर को कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 4,61,618 थी, तब तक 4,25,356 रोगी स्वस्थ हुए थे, 6,755 लोगों की मौत हुई थी और एक्टिव केस घटकर 29364 रह गए थे। यानी 21,014 एक्टिव केस घटे थे।

## सांसदों को आज मिलेंगे नए फ्लैट्स, पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संसद के सदस्यों के लिए बहुमंजिला फ्लैटों का उद्घाटन करेंगे। 80 साल से अधिक पुराने आठ बंगलों को 76 फ्लैट बनाने के लिए पुनर्विकास किया गया है।**



**नई दिल्ली, एएनआइ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आज दिल्ली के डॉ. बीडी मार्ग स्थित संसद भवन के सदस्यों के लिए बहुमंजिला फ्लैटों का उद्घाटन करेंगे। लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिड़ला भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, ये फ्लैट नई दिल्ली के डॉ. बीडी मार्ग पर बनाए जा रहे हैं। 80 साल से अधिक पुराने आठ बंगलों को 76 फ्लैट्स का निर्माण किया गया है। कोरोना वायरस के प्रभाव के बावजूद स्वीकृत लागत से लगभग 14 प्रतिशत की बचत और समय से पहले इन फ्लैटों का निर्माण पूरा हो चुका है।

इन फ्लैट्स का निर्माण ग्रीन बिल्डिंग कांस्पेट के तहत किया गया है। इसके लिए फ्लाई ऐश और ढहाई गई इमारतों से निकले मलबे से निर्मित ईंटों का इस्तेमाल किया गया है। एनर्जी एफिसिएंसी को बढ़ाने के लिए इसमें एलईडी लाइट फिटिंग्स, लाइट कंट्रोल के लिए सेंसर, कम बिजली खपत सुनिश्चित करने के लिए वीआरवी सिस्टम से लैस एयर कंडीशनर, पानी की बचत करने वाली कम बहाव वाली टोटियां, वर्षा जल संचयन व्यवस्था और इमारतों की छतों पर सौर संयंत्र लगाए गए हैं।

### केंद्रीय मंत्री बोले, कोरोना के बाद की समस्याओं से निपटने के लिए आयुर्वेद और योगा है बेहतरीन उपाय

**पणजी, पीटीआइ।** केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने कहा कि आयुर्वेद, योग और अन्य प्रणालियां पूरी दुनिया के लिए कोरोना महामारी की कठिनाइयों से निपटने में काफी मददगार साबित होंगी। शनिवार को केंद्रीय मंत्री ने कई ट्वीट किए, जिसमें उन्होंने कहा कि भविष्य में इस तरह के संकट को प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए निवारक उपायों पर अधिक जोर देने के साथ स्वास्थ्य सेवा वितरण का एक नया मॉडल आवश्यक है। महामारी का गहरा असर समाज और स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में मूलभूत बदलाव लाएगा।

## मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा- एमपी में अतिकुपोषित बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों में दूध मिलेगा, अंडा नहीं



**भोपाल, राज्य ब्यूरो।** मध्य प्रदेश में गो-संरक्षण और संवर्धन के लिए सरकार के सभी विभाग मिलकर काम करेंगे। अतिकुपोषित बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों में अंडा नहीं, दूध मिलेगा। इससे गो-पालकों का दूध बिकेगा और उन्हें लाभ होगा। गोशालाएं भी चलेंगी।

आगर-मालवा के सालरिया में स्थित गो-अभयारण्य में गो-संवर्धन अनुसंधान केंद्र स्थापित किया जाएगा। गाय के गोबर का अधिक से अधिक उपयोग किया जाएगा। गो-मूत्र के औषधीय उपयोग में वृद्धि की जाएगी।

वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये हुई गो-कैबिनेट की पहली बैठक में इसके गठन की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि गाय के गोबर का अधिक से अधिक उपयोग होना चाहिए। पर्यावरण को बचाने में गो-काष्ठ का उपयोग व्यापक स्तर पर किया जाएगा। गोशालाओं के संचालन के लिए कानून बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि गो-संवर्धन और संरक्षण का काम सिर्फ पशुपालन विभाग का नहीं है। इसके लिए कृषि, वन सहित अन्य विभागों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। जो गो-शालाएं गो-काष्ठ का उपयोग बढ़ाने का काम कर रही हैं, उन्हें प्रोत्साहित करेंगे।

गोशालाओं के संचालन में महिला स्व-सहायता समूहों को सहभागी बनाया जाएगा। कुछ जगह इन्हें संचालन के लिए गोशालाएं भी दी जाएंगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग इसकी कार्ययोजना तैयार कर रहा है। आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश के रोडमैप में इसे शामिल किया है।

कृषि आय दोगुना करने में पशुपालन का बड़ा महत्व है। इसके बाद शिवराज सिंह सालरिया गो-अभयारण्य पहुंचे। यहां देश के प्रमुख गो-विशेषज्ञ विज्ञानियों से गो-संरक्षण एवं संवर्धन पर चर्चा की।

## एम्स नर्स भर्ती मामले में कैट का फैसला, महिलाओं के लिए 80 फीसद आरक्षण सही

**माला दीक्षित, नई दिल्ली।** केन्द्रीय प्रशासनिक ट्रिब्युनल (कैट) ने दूरगामी परिणाम वाला फैसला सुनाते हुए एम्स नर्स भर्ती में 80 फीसद महिला आरक्षण को सही ठहराया है। कैट ने माना है कि सरकारी नौकरियों में सामुदायिक आधार पर एससी एसटी और ओबीसी को आरक्षण का प्रावधान करने वाले अनुच्छेद 16(4) की अपेक्षा अनुच्छेद 15 (3)का दायरा ज्यादा व्यापक है। आदेश में कहा है कि एम्स में नर्सिंग आफीसर के 80 फीसद पद महिलाओं के लिए आरक्षित रखने का नियम अनुच्छेद 15(3) के तहत महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान माना जाएगा जो कि एक अलग वर्गीकरण है और वैध है।



एम्स नर्सिंग आफीसर ग्रुप बी भर्ती में 80 फीसद पद महिलाओं के लिए आरक्षित रखने को चुनौती देने वाली याचिकाएं खारिज हो गई हैं। यह मामला दिल्ली एम्स और अन्य नये एम्स में नर्सिंग आफीसर के करीब 4629 पदों पर भर्ती का था। एम्स की गर्वनिंग बाडी सेंट्रल इंस्टीट्यूट बाडी (सीआइबी) ने 27 जुलाई 2019 की बैठक में एम्स की नर्सिंग भर्ती में 80 फीसद पद महिलाओं के लिए आरक्षित करने का निर्णय लिया था। इसी के अनुरूप एम्स दिल्ली ने 5 अगस्त 2020 को भर्ती विज्ञापन निकाला था।

कैट ने सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न फैसलों विशेष कर पीबी विजय कुमार फैसले को आधार माना है। साथ ही कैट की पटना पीठ और पटना हाईकोर्ट के फैसले से सहमति जताई है। जिसने इससे पूर्व पटना एम्स में नर्स भर्ती में इसी तरह के लागू किये गए महिला आरक्षण को पीबी विजय कुमार के फैसले के आधार पर सही ठहराया था।

एम्स नर्स यूनियन और अन्य याचिकाकताओं ने 80 फीसद महिला आरक्षण को चुनौती देते हुए कहा गया था कि यह सुप्रीम कोर्ट के इंद्रा साहनी फैसले में तय की गई आरक्षण की 50 फीसद सीमा का उल्लंघन है। इसके अलावा सीआइबी को आरक्षण लागू करने का अधिकार नहीं है। जिसके जवाब में एम्स की दलील थी कि नर्स भर्ती में महिलाओं को 80 फीसद आरक्षण में इंद्रा साहनी का 50 फीसद सीमा तय करने का आदेश लागू नहीं होगा क्योंकि महिलाओं को दिया जाने वाला यह 80 फीसद आरक्षण अनुच्छेद 15(3) के तहत आता है और यह आरक्षण क्षैतिज (हारिजेन्टल)होगा।

कैट ने दोनों पक्षों की दलीलें नोट करते हुए अपने आदेश में कहा है कि सीआइबी मानव संसाधन, स्टैब्लिशमेंट और भर्ती आदि के संबंध में नीतिगत निर्णय ले सकती है। सीआइबी स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की बाडी है जो कि स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में काम करती है। इसमें विभिन्न विशेषज्ञ हैं और इसे कानून में अधिकार प्राप्त है। कैट ने कहा कि नर्सिंग आफीसर के 80 फीसद पद महिलाओं के लिए आरक्षित होने के नियम को अनुच्छेद 15 (3) के तहत अलग वर्ग की तरह महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान माना जाएगा और यह वैध है।

## पंजाब में दो माह बाद रेल परिचालन शुरू, आज से चलेंगी मालगाड़ियां और कल से घूमेगा ट्रेनों का पहिया

**जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली।** पंजाब में किसान आंदोलन के कारण दो महीने से बंद पड़े रेल यातायात के जल्द बहाल होने का उसके पड़ोसी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और हरियाणा को भी इंतजार है। ट्रेनों के चलने से दोनों राज्यों में पर्यटन को फिर से बढ़ावा मिलेगा। रेलवे की ओर से सोमवार से मालगाड़ियों और मंगलवार से यात्री गाड़ियों का परिचालन शुरू करने को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। केंद्रीय कृषि कानून के विरोध में प्रदर्शन कर रहे किसानों ने 23 नवंबर से अगले 15 दिनों तक सशर्त रेल परिचालन की अनुमति दी है। पंजाब सरकार से इस बारे में संदेश मिलने के बाद रेल प्रशासन ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। रेलवे ट्रैक की सुरक्षा की जांच हो रही है। सोमवार को मालगाड़ी का परिचालन होगा। एहतियात के तौर पर पहले दिन अधिकतम 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से मालगाड़ी चलेगी। मंगलवार से ट्रेनों की आवाजाही भी शुरू हो जाएगी।



किसानों के प्रदर्शन की वजह से 24 सितंबर से पंजाब में रेल परिचालन बंद हैं। कई ट्रेनें निरस्त कर दी गई हैं तो कई अंबाला कैंट से आगे नहीं जा रही हैं। अब यात्रियों की यह परेशानी दूर हो जाएगी। पहले चरण में कुल 17 जोड़ी ट्रेनें चलाने का फैसला किया गया है। इनमें से आठ पंजाब की और नौ जम्मू और कटड़ा की हैं।

दूसरे प्रदेशों से लोगों के लौटने से पंजाब के उद्योग जगत में चल रही कामगारों की कमी दूर होगी। जम्मू कश्मीर में पेट्रोल-डीजल और खाद्य पदार्थों का संकट भी समाप्त हो जाएगा। रेल सेवाएं बंद होने के कारण जम्मू-कश्मीर में तेल, खाद्य पदार्थ और खाद सड़क मार्ग से लाया जा रहा है। सड़क मार्ग से ट्रक या टैंकरों से आपूर्ति करने में कठिनाई आ रही थी। रेल यातायात के बहाल होने से श्री माता वैष्णो देवी की यात्रा में भी तेजी आएगी।

जम्मू रेलवे स्टेशन के डिवीजनल रेलवे मैनेजर सुधीर सिंह ने कहा कि सोमवार शाम तक किसानों के रेलवे ट्रेक क्षेत्र से हट जाने की उम्मीद है। इसके बाद रेलवे की सेफ्टी विंग रेलवे ट्रैक की जांच करेगी। सेफ्टी विंग के अधिकारियों से हरी झंडी मिलने के बाद हीं ट्रैक पर रेल यातायात बहाल हो पाएगा। सब कुछ ठीक रहा तो सबसे पहले मालगाड़ियों को चलाया जाएगा।

ट्रेनों का परिचालन शुरू होने से हिमाचल प्रदेश में विंटर टूरिज्म और धार्मिक पर्यटन बढ़ेगा। बड़ी संख्या में कामगारों के लौटने से उद्योग जगत को राहत मिलेगी। शिमला के लिए अभी एक ही ट्रेन चल रही है, जिसमें सप्ताहांत में ही भीड़ देखने को मिलती है। ट्रेनें शुरू होने से नियमित तौर पर पर्यटकों की संख्या बढ़ सकती है।

रविवार को अंबाला मंडल के अधिकारियों ने खाली इंजन पटरी पर उतारकर ट्रायल किया। संभावना है कि रेल मंत्रालय सोमवार से ट्रेनों को पटरी पर उतारने का आदेश जारी कर दे। इनमें से कुछ ट्रेनें अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन तक आ रहीं थीं, जो पंजाब और जम्मू, हिमाचल, चंडीगढ़ के लिए रद की जा रही थीं। ऐसे में यात्रियों को अंबाला उतरकर सड़क मार्ग से अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ रहा था। ट्रेनें चलने से कालका शिमला का पर्यटन भी बढ़ जाएगा।

बताया जा रहा है कि पंजाब में ट्रेनें शुरू होने पर सबसे पहले ट्रेन नंबर 02054 अमृतसर-हावड़ा एक्सप्रेस, 02053 हावड़ा-अमृतसर एक्सप्रेस, 02425 नई दिल्ली जनशताब्दी एक्सप्रेस, 02426 जनशताब्दी-नई दिल्ली, 20925 कालका-अंबाला एक्सप्रेस, 20296 अंबाला-कालका एक्सप्रेस, 02903 मुंबई-अमृतसर एक्सप्रेस, 02925 बांद्रा-टह्रमनल-अमृतसर एक्सप्रेस, 02715 नांदेड़-अमृतसर एक्सप्रेस, 03307 देहरादून-फिरोजपुर, 04673 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस, 02057 नई दिल्ली हिमाचल एक्सप्रेस, 02058 हिमाचल-नई दिल्ली एक्सप्रेस, 05909 डिब्रूगढ़-लालगढ़ एक्सप्रेस, 05910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस, 09025 बांद्रा-टह्रमनल-अमृतसर एक्सप्रेस, 04651 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस का परिचालन शुरू होगा। नई दिल्ली-जम्मू-तवी (02424-02425), वंदे भारत श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली (22439-22440), श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली एक्सप्रेस (02461-02462), नई दिल्ली से कटड़ा के बीच चलाई जा रही पूजा स्पेशल (04401-04402) नई दिल्ली-कटड़ा जंक्शन के अलावा कोटा से ऊधमपुर के बीच चलने वाली विशेष ट्रेन ट्रैक पर दौड़ेंगी।

### भारतीय सुरक्षा एजेंसियों का दावा, कासिम जान को सौंपा गया घुसपैठ का जिम्मा

**नई दिल्ली, जागरण संवाददाता।** सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि जैश-ए-मुहम्मद के आपरेशनल कमांडर कासिम जान को भारतीय सीमा में आतंकियों की घुसपैठ का जिम्मा सौंपा गया है। कासिम वर्ष 2016 में पठानकोट एयरबेस पर हुए हमले का आरोपित है। इस आतंकी के दक्षिण कश्मीर में ओजीडब्ल्यू से अच्छे संपर्क हैं। जैश का आपरेशनल कमांडर सीधे तौर पर जैश के सरगना मसूद अजहर के भाई रऊफ लाला के संपर्क में हैं। अफगानिस्तान से यूएस सेना को हटाने के बाद तालिबानी आतंकियों की तरह जैश के आतंकी भी जम्मू-कश्मीर के बार्डर पर सक्रिय हो गए हैं। करीब 14 आतंकियों के ग्रुप को गुजरांवाला में प्रक्षिशित किया जा रहा है ताकि उन्हें भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करवाई जाए। उल्लेखनीय है कि करीब 250 आतंकवादी नियंत्रण रेखा के पार लांचिंग पैड में घुसपैठ के लिए तैयार बैठे हैं। अल बदर ने संगठन फिर से लश्कर-ए-मुस्तफा नामक फ्रंट बनाया है। इसका मुखिया हिदायतउल्लाह मलिक है। खैबर पखतूनवाला के जंगल मंगल कैंप में 23 के करीब आतंकी ट्रेनिंग ले रहे हैं। बताया जाता है कि गत दिनों जम्मू के बन टोल प्लाजा में मारे गए चारों आतंकी आत्मघाती दस्ते से संबंधित थे।

## भाजपा ने कहा- लव जिहाद देश के लिए गंभीर समस्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी ने 'लव जिहाद' को एक गंभीर समस्या बताते हुए अपनी राज्य सरकारों के इसके खिलाफ कानून बनाने का खुलकर समर्थन किया है। हिदू लड़कियों को इस्लाम कुबूल करवाकर उनका जबरन निकाह करवाने की घटनाओं के खिलाफ भाजपा शासित राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश और हरियाणा ने 'लव जिहाद' के खिलाफ कानून बनाने का एलान किया है। हालांकि विपक्षी दलों ने इसका विरोध करते हुए कहा कि भाजपा समाज को बांटने की कोशिश कर रही है। उनका कहना है कि ऐसा कोई भी कानून बनाना संविधान का उल्लंघन होगा।



भाजपा के महासचिव अरुण सिंह ने रविवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि लव जिहाद एक गंभीर समस्या है। इसका कई बहनें और माताएं शिकार हुई हैं। यह राज्य का मामला है और राज्य सरकारों को इसके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि कुछ राज्य सरकारें लव जिहाद के खिलाफ काम कर रही हैं और आगे भी लव जिहाद के खिलाफ कार्रवाई जारी रखेंगी।

इस मुद्दे को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भाजपा पर किए हमले का उल्लेख करते हुए उन्होंने कुछ भाजपा नेताओं के दूसरे धर्म की लड़की से हुए विवाह का जिक्र किया।

भाजपा महासचिव ने कहा कि बघेल को पहले इस बात का जवाब देना चाहिए कि उन्होंने वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में किसानों का कर्ज माफ करने और रोजगार भत्ता देने का कांग्रेस का किया वादा पूरा किया या नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की बघेल सरकार भ्रष्टाचार और धांधलियों का पर्याय बन गई है।

## संक्षेप समाचार

### सप्ताह भर में चार डिग्री पारा फिसला, सर्द हवाओं ने बढ़ाई सिहरन

**प्रयागराज।** सुनहरी धूप के बावजूद प्रयागराज में मौसम ठंडा है। पारा गिर रहा है और सर्द हवाओं के कारण ठंड बढ़ रही है। सप्ताह भर के अंदर देखें तो तापमान में चार डिग्री का अंतर आया है। बीते बुधवार यानी 18 नवंबर को हुई बरिश के साथ पारे का लुढ़कना प्रारंभ हो गया था। रविवार को सप्ताह का सबसे न्यूनतम 10.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि शनिवार को यह 14.5 डिग्री के आस पास था। मौसम विज्ञानियों की मानें को आने वाले दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान का अंतर कम हो जाएगा। मौसम विज्ञानी व पर्यावरण के जानकार प्रो. शैलेंद्र ने बताता कि पिछले साल की तुलना करें तो इस माह के मौसम में कोई खास बदलाव नहीं है। रविवार में दिन में पारा जरूर गिरा है। पश्चिमी विच?छोभ के कारण अनुमान है कि दिसंबर में अधिकतम और न्यनतम तापमान का फासला कम हो।

# ग्रामीण क्षेत्रों में जहरीली शराब निगल रही जिंदगियां

### फूलपुर क्षेत्र के अमिलिया गांव में हुई आधा दर्जन मौतें



अमिलिया गांव में अपनों की मौत के बाद गमजदा परिजन


**फूलपुर।** शराब से होने वाली मौत के बाद हमेशा की तरह शासन- प्रशासन कुछ जिम्मेदारों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर अपनी जिम्मेदारियों की इतिश्री तो कर लेता है पर सवाल यह उठता है कि स्वतंत्र भारत का नागरिक आखिर कब तक मादकता की जंजीरों में जकड़ा रहेगा। क्या शराब वास्तव में आर्थिक रूप से सशक्त भारत के निर्माण में सहायक है। अगर हां तो अन्य राज्यों में शराबबंदी क्यो। कहा जाता है कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है तो इन गांवों की हर गली चौराहों पर क्या शराब की दुकानों को खुलवाना जरूरी है? फूलपुर क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में देशी व अंग्रेजी शराब की दर्जनों दुकाने हैं। जहां शराब पीने वालों का जमघट लगा रहता है। वहीं जहरीली शराब पीकर लोग अपनी ही जिंदगी को दांव पर लगा रहे हैं। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के अमिलिया गांव में शुक्रवार को जहरीली शराब से मरने वाले ग्रामीणों के परिजनों का करूण रूदन सुनकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। एक के बाद एक हुई सात मौतों से गांव में मातम सा छाया रहा। आज जरूरत है तो दृण निश्चय कर शराब को पूर्णतः प्रतिबंधित करने की ताकि आनी वाली नस्लें नशे की लत से दूर रहकर एक अपराध मुक्त समाज का निर्माण कर सकें।

### शराब की वजह से घरेलू हिंसा में बढ़ोतरी



ग्रामीणांचल में गरीब परिवार किसी तरह मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है परन्तु शराब की वजह से जहां वह नशे का आदी हो जाता है वही आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण घर में घरेलू कलह पैदा हो जाती है। नतीजतन महिलाओं व बच्चों पर अत्याचार बढ़ने लगते हैं। इसके अलावा ज्यादातर कमाई शराब पर खर्च कर देने की वजह से परिवार का पेट पालने और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का खर्च उठाने में भी दिक्कतें आती हैं। कुछ वर्षों पूर्व मेरे गांव में बहुतायत लोग शराब पीते थे। शराब का बहिष्कार होने पर आज गांव में बहुत कुछ बदला है। आज ग्रामीण बच्चों की शिक्षा या दूसरे जरूरी सामानों पर पैसा खर्च करते हैं।

-सरिता बिंद, ग्राम प्रधान बौड़ई



अमिलिया गांव में जहरीली शराब से सात लोगों की मौत चिंताजनक है। सरकार मृतक के परिजनों को मुआवजा दे।

-अशफाक अहमद
वरिष्ठ समाजसेवी, जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस



जीवन अमूल्य है। शराब पीने से आर्थिक, सामाजिक क्षति होने के साथ ब्यक्ति का शारीरिक नुकसान भी होता है।

-डाक्टर शेख मोइनुद्दीन
संचालक तमन्ना नर्सिंग होम वीरकाजी

# समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं संरक्षक, पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का 82 वां जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का माला पहनाकर स्वागत करते हुए व उपस्थित भीड़

### समाजवादी पार्टी ने नेता जी के जन्मदिन पर दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल वितरित किया गया

**सिरसा।** मेजा विधानसभा क्षेत्र के शिवपुरा ग्रामपंचायत मे सामाजिक समरसता के प्रतीक समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं संरक्षक, पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। बता दें कि समाजवादी पार्टी के युवा नेता हर्षित पाण्डेय के नेतृत्व मे नेता जी मुलायम सिंह यादव का 82वां जन्मदिन मनाया गया।

जन्मदिन के कार्यक्रम मे तिवारी बंधुओं सुजीत तिवारी, मंजीत तिवारी ने अपने सुंदर गीतों, स्वागत गीतों से सबका मन मोह लिया व समा बांध दिया व एक से बढ़कर एक सुंदर गीत गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद, पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंवर रेवती रमण सिंह, दस्यहैमुख्य अतिथि रहे। पूर्व मंत्री रामवृक्ष सिंह यादव व जिला सचिव लल्लन सिंह रहे।

कुंवर रेवती रमण सिंह ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार 2022 मे बनेगी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बनेंगे। वहीं दिव्यांगों को उनके आवश्यकतानुसार उपकरण ट्राइसाइकिल वितरित किया गया। अध्यक्षता प्रो बी पांडेय पूर्व कुलपति राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षक सभा समाजवादी पार्टी ने किया। कार्यक्रम के संयोजक मेजा विधानसभा अध्यक्ष श्यामकृष्ण सिंह पप्पू यादनगरपंचायत सिरसा चेयरमैन रहे। जन्मदिन के कार्यक्रम मे आए हुए सभी सम्मानित नेताओं व कार्यकताओं का डॉक्टर ओमशंकर पाण्डेय ने स्वागत किया। संचालन अवधेश यादव व अधिवक्ता शिव कैलाश यादव ने किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष रामसुमेर पाल, रचित कुमार विश्वकर्मा, पूर्व प्रदेश सचिव राजेश यादव, पंचुराम निषाद, राम सेवक सिंह पटेल विशिष्ट अतिथि (पूर्व प्रत्याशी मेजा समाजवादी पार्टी), मानिक चंद पटेल, चाका ब्लाक प्रमुख राजकुमार यादव, दिलावर सिंह, अभिषेक तिवारी (टिंकु), अंशु सिंह, रामबाबू यादव, सुरेश यादव, देशराज सिंह, बब्बू गौतम, नीरज सिंह यादव, दिवाकर सिंह यादव एडोकेट, विजय राज सिंह यादव, देवेश यादव एडोकेट, कपूर यादव, पुर्व ब्लाक उरुवा प्रमुख महेश राज यादव, शमशेर सिंह यादव, ईश्वर चन्द धनगर एडोकेट,रतन कुमार केशरी जिला व्यपरमण्डल उपाध्यक्ष, लवकुश यादव,किशन केशरी,दीपू सिंह, नरेंद्र सिंह नेता जी, अरविंद कुमार यादव प्रधान जी, बाबा यादव प्रधान प्रतिनिधि उपरौड़ा, आमोद यादव, मनमोहन यादव,राजकुमार विश्वकर्मा, दिलीप कुमार विश्वकर्मा, एस पी विश्वकर्मा पूर्व प्रधान शुकुलपुर, संत लाल सिंह यादव (बाबू जी), दिलीप यादव, कमलेश विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा अधिवक्तता, प्रमिल यादव, राजू सिंह, योगेंद्र प्रताप सिंह, विष्णु कांत यादव, आदि हजारों की संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता नेतागण कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कोरोना संक्रमण के ध्यान रखते हुए कार्यक्रम को किया गया।

### मेजा खास में पांच दिवसी मानस प्रवचन का शुभराम्भ

**सिरसा।** मेजा विधानसभा में मेजा खास में पांच दिवसी मानस प्रवचन का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख मेजा मुन्नन शुक्ल ने फीता काटकर किया। गौरतलब है कि विगत कई वर्षों से मेजा खास निवासी रमेश कुमार केशरी साइकिल वाले ने विगत वर्षो से अपने निवास पर पांच दिवसीय मानस प्रवचन का आयोजन कराते आ रहे है,जिसमें प्रयागराज से वाराणसी तक विद्वानों का पदार्पण हुआ है ।इसी क्रम में रविवार को पांच दिवसीय मानस प्रवचन का कार्य आरंभ हुआ। मुख्य अतिथि श्री शुक्ल ने कहा कि रमेश ने मेजा में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के आदर्शों को जाने-माने विद्वानों के मुखार विन्द से आम जनमानस तक पहुचाने का कार्य करते आ रहे ।जिससे लोगों में भगवान राम के प्रति आस्था बनी रहती है।



जन्मदिवस पर दिव्यांग को उपकरण वितरित करते हुए

# जहरीली शराब कांड से मौतों के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन



जहरीली शराब के विरोध में प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता

**प्रयागराज।** जहरीली शराब कांड में आठ मौतों के बाद अब इस पर सियासत भी शुरू हो गई है। इस कांड में प्रशासनिक लापरवाही को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रविवार को कलक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूलपुर इलाके में जहरीली शराब कांड से हुई आठ मौतों को लेकर रविवार को कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। घटना को प्रशासनिक लापरवाही बताते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निशाना साधा। साथ ही विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा।

### सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान ने चलाया अरैल घाट पर स्वच्छता अभियान

**नैनी।** सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के तत्वाधान में रविवार को नये पक्के घाट के गंगा तट पर छठ पर्व के पश्चात फैली हुई गंदगियों के अंबार को संस्था के स्वयंसेवकों के द्वारा साफ किया गया। संस्थान के अध्यक्ष संतोष तिवारी ने कहा मां गंगा, यमुना के तटों पर जितने भी त्यौहार या मेले का आयोजन किया जाता है, जिसके आयोजन के पश्चात गंदगियों का अंबार लग जाता है इन गंदगियों को साफ सुथरा करवाने की जिम्मेदारी भी शासन प्रशासन एवं आयोजनकर्ताओं को अपनी सम्पूर्ण जिम्मेदारी के साथ निभाना चाहिए। जिससे मां गंगा का आंचल स्वच्छ एवं निर्मल बना रहे। हमेशा की तरह घाट पर स्वच्छता अभियान में कुंवर जी तिवारी, निखिलेश पांडेय, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, महेश यादव, विकास मिश्रा, आत्मप्रकाश यादव, धीरज यादव, पीयूष तिवारी, नागेश नारायण, मिश्रा कार्तिकेय शर्मा, बृजेंद्र नारायण शर्मा, हर्षवर्धन मिश्रा, अरविंद यादव, निहाल यादव, बसंत यादव, रोहित आदि लोग मौजूद रहे।



पुलिस की गिरफ्त में वांछित अभियुक्त

### अवैध खनन/परिवहन के दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**खीरी प्रयागराज।** थाना खीरी पुलिस द्वारा अवैध बालु खनन एवं परिवहन में वांछित चल रहे दो अभियुक्तो को आज थाना क्षेत्र चाँदखमरिया से गिरफ्तार किया गया।डीआईजी/एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी के निर्देश पर जिले में अवैध खनन एवं परिवहन करने वाले माफियाओ के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एसपी यमुनापार चक्रेश मिश्र के निर्देशन में सीओ मेजा के पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मसीद खान का० अनूप कुमार यादव का०विमल द्वारा दिनाँक 30-10-20 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु०अ०सं०187/20 धारा 379/411/आईपीसी व धारा4/21 खान एवं खनिज अधिनयम थाना खीरी प्रयागराज में वांछित रामसुन्दर बिन्द पुत्र छोटेलाल निवासी दिघलो थाना खीरी तथा शिवाजी पुत्र स्व० सूर्यमणि ग्राम सिलौन्धी कला खीरी प्रयागराज को मुखबीर की खास सुचना पर आज गिरफ्तार किया गया प्राप्त जानकारी के अनुशार दोनों के खिलाफ विधिक कार्यवाही की गयी।

# बेकाबू जाइलो ने साइकिल सवार वृद्ध को मारी टक्कर, गंभीर रूप से घायल



सड़क पर पड़ा घायल वृद्ध

**घूरपुर।** घूरपुर थाने के ठीक सामने स्थित हाइवे पर एक बेकाबू जाइलो कार ने साइकिल सवार वृद्ध को जोरदार टक्कर मार दिया ।जिससे साइकिल सवार वृद्ध बुरी तरह से घायल हो गया।मौके पर पहुंची पुलिस उसे सीएचसी जसरा इलाज के लिए ले गई जहा से उसे रेफर कर दिया गया।घटना के बाद जायलो चालक समेत फरार हो गई ।

कौंधियारा थाना क्षेत्र के बजहिया गांव निवासी विस्मय लाल जो काफी दिनों से संत का रूप धारण कर टहलते रहते हैं ।रविवार की दोपहर वह अपनी साइकिल पर अपने पालतू बंदर को बिठाकर घूरपुर बाजार की ओर जा रहे थे ।अभी वह घूरपुर थाने को पार करने वाले ही थे कि पीछे से आई एक जायलो कार ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दिया ।जिससे विस्मय लाल साइकिल समेत सड़क पर गिर घायल हो गए घटना के बाद सदमे में आया उनका बंदर भी डर के मारे एक दुकान के अंदर घुस गया ।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस वृद्ध को इलाज के लिए सीएचसी जसरा ले गई ।जहां हाथ और पैर में गहरी चोट होने के चलते उन्हें शहर के लिए रेफर कर दिया गया ।घटना के बाद चालक समेत जायलो फरार हो गई ।

### डीहा में मुलायम सिंह का मनाया गया जन्मदिन

**करछना।** प्रकाश पब्लिक स्कूल डीहा मे रविवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओ ने सपा के राष्ट्रीय संरक्षक एव पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रबंधक डॉ0 विजयबाबू यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की नीतियो पर पार्टी को उचाइयों पर ले जाने वाले मुलायम सिह यादव का पार्टी मे एक सराहनीय योगदान रहा है तथा हमेशा लोगो को उपर उठाने का काम किया है जिसे कभी भुलाया नही जा सकता। इसी प्रकार ब्लाक परिसर करछना मे ब्लाक प्रमुख विचजय राज सिह की अध्यक्षता मे पूर्व मुख्यमंत्री के जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर संजय यादव तुलसीराम यादव, बासदेव यादव मनोज यादव, जगदीश यादव शयाम बहादुर, मुलायम आदि रहे।

# सपाइयों ने धूमधाम से मनाया मुलायम सिंह यादव का जन्मदिन

**जसरा।** उत्तर प्रदेश समाजवादी पार्टी के संरक्षक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का 82 वां जन्मदिन लाइन पार चित्रकूट विश्राम स्थल जसरा में कार्यकताओं ने बड़े ही धूमधाम के साथ केक काटकर मनाया। क्षेत्र के समाजवादी नेताओं ने समाजवाद के पुरोधा समाजवादी पार्टी के संरक्षक व उत्तर प्रदेश जैसे बड़े प्रदेश के कई बार मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव के बयासीवें जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर प्रसन्नता ब्यक्त करते हुए उनके दीघार्यु होने की कामना किया। इस अवसर पर भागीरथी बिन्द, सुरेन्द्र कुमार केसरवानी उर्फ सोनू, बृजेश यादव, रमाकांत यादव, रामानंद यादव, वजीर खां, शिवाकांत यादव, गौरीशंकर यादव, हरिभान सिंह, डा०लाल साहब, शैलेन्द्र सिंह, विजय बागी, दशरथ यादव, नईम, यादवेंद्र सिंह, रविशंकर यादव सहित सैकडों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



समाजवादी पार्टी के संरक्षक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का 82 वां जन्मदिन मनाते सपा कार्यकर्ता

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### सफाई कर्मी के नदारद रहने से लगा कूड़ों का ढेर


**करछना।** विकास खंड के ज्यादातर गांवों मे सफाईकर्मियो न पहुचने से गावों मे कूडो का ढेर और नालिया बजबजा रही है, सफाई कर्मियो का गांव मे डियूटी तो लगी रहती है लेकिन शायद कई महीनो मे दिखाई पड़ जाए तो गांव का सौभाग्य है वो भी सफाई के लिए नही बल्कि प्रधान के घर हाजिरी लगाने के लिए पहुचते है। करछना में सैकड़ों सफाई कर्मी तैनात है लेकिन गांवो की हालत देखकर ही लगता है कि गंदगी कभी हटाई नही गई है तो सफाई कर्मी का क्या मतलब है, कभी कभार शिकायत होने पर सफाई कर्मी खुद काम न करके अपनी जगह दूसरे मजदूर को लगाकर सफाई करवाते है जिससे गांव के लोग गांव के सफाई कर्मी को पहचान भी नही पाते।

### भाजपा कार्यकर्ता मतदाता सूची लेकर घर-घर जाएंगे

**प्रयागराज।** इलाहाबाद-झांसी स्नातक विधान परिषद चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा महानगर इकाई की बैठक हुई। इसमें सात पोलिंग स्टेशनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। इसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने की। इसमें चुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई। साथ ही कार्यकताओं को उसी के अनुसार काम करने की हिदायद दी गई।गणेश केसरवानी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा के लिए प्रत्येक चुनाव महत्वपूर्ण है। योजनाबद्ध तरीके से कार्यकर्ता सक्रिय हो जाएं।

## प्रयागराज में बोले संघ प्रमुख मोहन भागवत- आत्मनिर्भर भारत के लिए खुद को समर्पित करें स्वयंसेवक

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र निर्माण के अपने सतत लक्ष्य के साथ ही परम वैभव समाज की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में बढते जा रहा है। एक ऐसा समाज जहां किसी को कोई दुःख न हो और सभी एक-दूसरे के सहयोग में जुटें हों। ये बातें रविवार को प्रयागराज में संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र की दो दिवसीय बैठक के उद्घाटन सत्र में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने पदाधिकारियों से कहीं। उद्घाटन सत्र के संबोधन में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने पदाधिकारियों को संदेश दिया कि स्वयंसेवकों को समरसता से परिपूर्ण समाज के निर्माण में लगाएं। कहा, दूरगामी योजनाओं को लेकर आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वयंसेवक खुद को समाज के लिए समर्पित कर दें।



संबोधित करते संघ प्रमुख मोहन भागवत



कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

जिला मुख्यालय से करीब 28 किमी दूर गौहनिया में वशिष्ठ वात्सल्य पब्लिक स्कूल में संघ की बैठक में रविवार को चार सत्रों में चर्चा हुई। इसमें आरएसएस के काशी, कानपुर, अवध और गोरक्ष प्रांत के 31 प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान कोविड काल में चारों प्रांतों की तरफ से किए गए सेवा कार्यों की समीक्षा बारी-बारी से की गई। सूत्रों के अनुसार उद्घाटन सत्र में संघ प्रमुख ने स्वयंसेवकों को चौबीसों घंटे समाज के लिए उपलब्धता बनाए रखने का आह्वान किया।

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने संघ को समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप सेवाकार्य में अधिकाधिक जोड़ने पर बल दिया। देश की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए स्वयंसेवकों से अपील की है कि वे अपनी जीवनशैली और व्याप्तता को समाज की जरूरतों के अनुसार तय करें। बैठक में सर कार्यवाह भैयाजी जोशी, सह सरकार्यवाह कृष्णगोपाल, दत्तात्रेय होसबोले, डॉ. मदनमोहन, मुकुंद के अलावा अखिल भारतीय अधिकारी बालकृष्ण त्रिपाठी, अनिल ओक व अजीत महापात्रा के अलावा चारों चारों प्रांत के प्रांत प्रचारक, प्रांत कार्यवाह, प्रांत संघचालक आदि शामिल रहे।

**बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ें :** संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कोरोना काल में उपजी बेरोजगारी के समाधान का भी तरीका सुझाया है। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा है कि स्वयंसेवकों के माध्यम से बेरोजगारों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित कराएं। उन्हें कुटीर उद्योग के लिए प्रेरित करें और जहां जैसी आवश्यकता हो सामर्थ्य के अनुसार मदद करें।

**बस्तियों में बढ़ाएं सेवाकार्य :** अनुसूचित जाति व जनजाति से जुड़े लोगों के हो रहे धर्मांतरण को लेकर भी संघ की चिंता बढ़ी है। कार्यकारी मंडल की बैठक में संघ प्रमुख ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि धर्मांतरण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अनुसूचित जाति व जनजाति की बस्तियों में सेवाकार्य को तेज किए जाए।

**संघ प्रमुख से सीएम ने की मंत्रणा :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार की शाम प्रयागराज पहुंचकर संघ प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात की। सीएम और संघ प्रमुख के बीच करीब 45 मिनट तक वार्ता हुई। इस दौरान सर कार्यवाह भैयाजी जोशी भी मौजूद रहे।



वोट डालते डॉक्टर

## एएमए के चुनाव में डॉक्टरों ने डाले वोट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन (एएमए) की नई कार्यकारिणी के चुनाव के लिए रविवार को मतदान हुआ। सुबह से ही डॉक्टरों ने अपने प्रतिनिधि चुनने के लिए एएमए के हॉल में मतदान किया।

एएमए के नए भवन में सुबह आठ से शाम पांच बजे तक मतदान प्रक्रिया चली। एएमए से जुड़े 1245 डॉक्टरों को मतदान करना था। सोमवार को परिणाम आने की बात कही जा रही है। मतदान के लिए मेयोहॉल चौराहा स्थित एएमए के भवन में रविवार सुबह से ही डॉक्टर पहुंचते रहे। अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष समेत 13 पद व 20 कार्यकारिणी सदस्यों के लिए 149 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं।

## मुलायम सिंह यादव के 82वें जन्म दिन पर सपाईयों ने किया विभिन्न कार्यक्रम

**सपाईयों ने हवन, यज्ञ, फल एवं कम्बल वितरण कर सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के स्वास्थ्य एवं दीर्घायु के लिए मांगा आशीर्वाद**

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के संरक्षक, पूर्व रक्षा मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का 82 वाँ जन्म दिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया। सपा के जिला अध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव की अगुवाई में सुबह 11 बजे जिला कार्यालय जॉर्ज टाउन में केक काटा गया। तदुपरांत संगम स्थित बड़े हनुमानजी के मंदिर में पूजा अर्चना, यज्ञ, हवन कर उनके दीघार्यु होने की कामना की गई। बाँध के किनारे स्थित कुष्ठ आश्रम में जरूर मंदों को फल वितरण किया एवं सपा के पूर्व प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने बुजुर्गो एवं विकलांगों को कंबल देकर अपने नेता के स्वास्थ्य एवं दीघार्यु के लिए आशीर्वाद मांगा।



हवन पूजन करते सपा कार्यकर्ता

इस मौके पर सर्व नागेन्द्र सिंह पटेल सत्य वीर मुन्ना, राम सेवक पटेल, कमल सिंह यादव, के के श्रीवास्तव, संदीप पटेल, महबूब उस्मानी, कमला यादव, गीता पासी, कृष्ण मूर्ति सिंह, राम सुमेर पाल, अनिल यादव,मनीष यादव, कुलदीप यादव, महावीर यादव, आर एन यादव, दान बहादुर मधुर, नाटे चौधरी, ननकऊ यादव, अरुण यादव, सुशील एडवोकेट, राकेश यादव, रजनीश भारती, संदीप यादव, संतलाल वर्मा, दिलीप, विजय बहादुर पटेल, प्रतिमा रावत, जीत राज हेला , हिमांशु सिंह, भोला पाल, पप्पू इसराईल, आदि मौजूद रहे।

## राजकीय महाविद्यालयों को मिले इतिहास के 45 प्रवक्ता

**प्रयागराज।** प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों को इतिहास विषय के 45 प्रवक्ता मिल गये हैं। लोक सेवा आयोग की ओर से प्रवक्ता इतिहास के 45 पदों पर सफल अभ्यर्थियों की सूची साक्षात्कार के बाद वेबसाइट पर जारी कर दी है।

अभ्यर्थियों के साक्षात्कार 3, 4, 5 एवं 6 नवम्बर को हुए थे। सफल अभ्यर्थियों की जारी सूची में अमर कृष्ण यादव, दीपक कुमार कान्दू, सुरेन्द्र कुमार सिंह, अरविन्द कुमार, रचित सिसोदिया, मिथिलेश कुमार, राहुल द्विवेदी, सत्य प्रकाश वर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, रवि भूषण सिंह, आलोक प्रताप सिंह, शक्ति सक्सेना, शिवाजी सिंह, गौरव कुमार सिंह, दिलीप कुमार, अशोक गुप्ता के साथ ही विनय कुमार पटेल, संदीप कुमार गौरव, श्याम सुन्दर ठेनुआ, नवनीत सारस्वत, धनंजय कुमार सिंह, अनिल कुमार यादव, नाजमीन, जितेन्द्र कुमार, अनिल कुमार तिवारी, संजीव कुमार, अनुपम अवस्थी, देवेन्द्र प्रताप सिंह, विपिन कुमार चौधरी, अवधेश कुमार मौर्य, सौरभ, आलोक रंजन, राहुल कुमार, पिन्टू कनौजिया, अतुल कुमार, ऋषभ बघेल, मृत्युंजय कुमार, रिजवान अहमद, देवेन्द्र नाथ गिरि, राजेश कुमार, संजय कुमार, प्रमोद कुमार, देवेश कुमार यादव समेत विरेन्द्र कुमार एवं संतोष यादव का नाम शामिल है।

## ताबड़तोड़ फायरिंग में बाइक सवार को लगी गोली, जख्मी

**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के राजरूपपुर में बाइक सवार बदमाश ताबड़तोड़ फायरिंग कर रहे थे। तभी अचानक बाइक से जा रहे एक युवक के पैर में गोली लग गई वह जख्मी हो गया। सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस गोली से घायल बाइक सवार को अस्पताल पहुंचाया तथा उससे पूछताछ की। बाइक सवार नहीं बताया कि उसकी या किसी से दुश्मनी नहीं है वह बाइक से जा रहा था तभी उसके पैर में अचानक गोली लग गई। हालांकि इस मामले में पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।



सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस

जानकारी के अनुसार शहर में धूमनगंज थाना क्षेत्र के राजरूपपुर इलाके में रविवार की दोपहर बाइक सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की। तभी उधर से गुजर रहे राहगीर लैब टेक्नीशियन डॉक्टर अनूप कुमार त्रिपाठी पुत्र श्याम नारायण त्रिपाठी के पैर में गोली लग गई। इससे वह घायल हो गए। खबर मिलते ही एसपी सिटी समेत कई अधिकारी मौके पहुंचे। घायल को अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नुरुल्लाह रोड निवासी अनूप त्रिपाठी फातिमा मेमोरियल हॉस्पिटल में लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत हैं। रविवार की दोपहर वह अपने रिश्तेदार अजीत त्रिपाठी के साथ बाइक से धूमनगंज जा रहे थे। वहां उनका मकान बन रहा है। राजरूपपुर के 60 फीट रोड पर पहुंचे तभी कुछ बदमाशों ने फायरिंग की। एक गोली अनूप के पैर में लग गई। पूछताछ में पता चला कि अनूप की कोई रंजिश किसी से नहीं है। आसपास के लोगों में चर्चा है कि किसी नबी अहमद को बदमाश जान से मारने आए थे लेकिन गोली लैब टेक्नीशियन को लग गई।इस मामले में एसपी सिटी दिनेश सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## मल्टी लेवल पार्किंग में खड़ी कार धू-धू कर जलने लगी, मची अफरा-तफरी

**प्रयागरा।** सिविल लाइंस के सुभाष चौराहा स्थित मल्टी लेवल पार्किंग में खड़ी कार अचानक धू-धू कर जलने लगी। देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई। चौराहे के आसपास अफरा तफरी का माहौल हो गया। लोगों ने इसकी सूचना दमकल विभाग को दी मौके पर पहुंची दमकल विभाग ने आग पर किसी तरह काबू पाया' घटना रविवार की शाम की है।



पार्किंग में कई गाड़ियां खड़ी थी दो पहिया चार पहिया समय रहते दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर बहुत बड़ा हादसा होने से बचा लिया।

जब कार आग का गोला बन गई लोग दहशत में हो गए पर गनीमत रही कि आग फैली नहीं वरना दूसरी गाड़ियों के चपेट में आने पर बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।



दीपावली मिलन समारोह में उपस्थित लोग

## दीपावली मिलन समारोह आयोजित

**प्रयागराज।** रोटरी इलाहाबाद इलीट की ओर से रविवार को दीपावली मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें कोविड19 को ध्यान में रखते हुए पूरी सतर्कता के साथ रोटरी सदस्य शामिल हुए। कोविड की वजह से बहुत लंबे समय से दो गज दूरी और मास्क है जरूरी का पालन करते हुए रोटरी क्लब वर्चुअल बैठक आयोजित कर रहा है। लंबे अंतराल के बाद लगभग सात माह बाद ऐसी बैठक आयोजित की गई है जिसमें सदस्स एक दूसरे से मिले और अपनी बातें साझा की। अध्यक्ष रोटेरियन संजय तलवार ने कार्यक्रम की रूपरेखा तय की, कार्यक्रम की पूरी व्यवस्था पूर्व अध्यक्ष पीयूष रंजन अग्रवाल ने की, कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन एकता तलवार, आकांक्षा चोपड़ा, पूर्व अध्यक्ष रितेश सिंह और सचिव नितिन चोपड़ा ने की, अनेक प्रकार के आयोजन रखे गए, उपहार बाटें गए एवं खान पान की विशेष व्यवस्था की गई। बच्चों ने भी खूब धमाल मचाया।

## हवा की गुणवत्ता परखने को उपकरण लगाएगा निगम

**प्रयागराज।** प्रदूषण की समस्या को देखते हुए नगर निगम हवा की गुणवत्ता परखने को मॉनिटर उपकरण लगाने जा रहा है। इसे मोबाइल वैन पर इस्तेमाल किया जाएगा। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यकता के हिसाब से मोबाइल वैन भेजकर वहां का प्रदूषण स्तर मापा जा सकेगा।

नगर निगम ने इसके लिए टेंडर जारी किया है। अगले एक पखवारे में उपकरण लगा दिया जाना है। नगर निगम के पर्यावरण अभियंता उत्तम वर्मा का कहना है कि मोबाइल वैन के जरिए शहर में कहीं भी प्रदूषण का स्तर जाना जा सकेगा। मशीन की लागत करीब पांच लाख रुपये आएगी। जल्द से जल्द इसका उपयोग शुरू कर दिया जाएगा।

## उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के विजयी उम्मीदवारों को शपथ ग्रहण समारोह के साथ किया गया सम्मानित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के बिजई पदाधिकारियों को प्रयागराज के केएन काटजू इंटर कॉलेज मे रविवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात सभी पदाधिकारियों को सम्मान से सम्मानित किया गया आयोजित कार्यक्रम में, प्रदेश के इंटरमीडिएट एक्ट के मर्मज्ञ लोकप्रिय यशस्वी ज्ञाता, विवेचक विनोद विश्वकर्मा को प्रदेश अध्यक्ष, शिव बहादुर यादव को प्रदेश महामंत्री, कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में प्रयागराज के जिला अध्यक्ष सुनील सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष संघर्ष समिति के संयोजक विजय द्विवेदी राजीव शुक्ला प्रदेश उपाध्यक्ष, उत्तम शुक्ला प्रदेश उपाध्यक्ष, मथुरा के लोकप्रिय एवं कर्मचारियों के मसीहा नारायण पांडे को प्रांतीय मंत्री, बस्ती के तेजतर्रार रामकृष्ण यादव को संयुक्त मंत्री शिव कैलाश सोनी को कोषाध्यक्ष भाई शकील अहमद को प्रांतीय मंत्री सोहेल भाई ने अपने-अपने पदों को कर्तव्य निष्ठा पूर्वकनिभाने के लिए शपथ लिया। साथ ही विजय पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से काफी संख्या में कर्मचारी पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। आपको बताते चलें कि 10 अक्टूबर को लखनऊ स्थित दारुण शफा मे चुनाव संपन्न हुआ था। शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश के विभिन्न जिलों के काफी संख्या में कर्मचारी तथा पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।



विजयी उम्मीदवारों का माला पहनाकर स्वागत करते हुए

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

# प्रतापगढ़–कौशाम्बी

प्रयागराज सोमवार, 23 नवम्बर, 2020

## संक्षेप समाचार

### आरोपितों के खिलाफ विद्युत चोरी का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** विद्युत चोरी को लेकर आरोपितो के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। धारूपुर के अवर अभियंता अजय कुमार ने बीती उन्नीस नवंबर को मोठिन गांव मे औचक छापेमारी कर गांव के राधेश्याम की पत्नी यशोदा को चोरी से विद्युत उपभोग करते पाया। वहीं महमदपुर चारपुरा मे अशोक तथा जसमेढ़ा मे कृष्ण कुमार व कटरा दुग्धा पुरवारा मे सूरज वर्मा को भी चोरी से विद्युत उपभोग करने का आरोपित पाया गया। अवर अभियंता की तहरीर पर आरोपितो के खिलाफ एंटी पावर थेफ्ट जिला मुख्यालय पर केस दर्ज किया गया है।

### महिला से छेड़छाड़ विरोध पर पीटा

**कंधई, प्रतापगढ़।** घर के बाहर बैठी महिला को तीन लोग बदनीयती से घसीटते हुए कमरे में ले जाने लगे। विरोध करने पर उसका गला व मुंह दबाने लगे। शोर मचाने पर लोगों को आते देख आरोपितों ने गालीगलौज कर धमकी देते हुए उसकी पिटाई कर दी और कपड़े फाड़ डाले। कंधई पुलिस की अनदेखी पर महिला ने सीओ को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। मामला रूपधर कोठियाही में गुरुवार शाम का है।

## आईटीआई छात्र की मौत पर आक्रोश, चक्काजाम

**प्रतापगढ़।** आईटीआई छात्र के उत्पीड़न के चलते आत्महत्या को लेकर रविवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने कालाकांकर-लालगंज हाइवे पर जाम लगा दिया। जाम की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों तथा ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम समाप्त कराया। कोतवाल के आरोपितो के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन देने पर दोपहर बाद मृतक छात्र का शव परिजन अंतिम संस्कार के लिए ले गये। कोतवाली के बेलहा गांव के जोखूलाल शर्मा के पुत्र धीरेन्द्र शर्मा उर्फ धीरू ने शनिवार को छत की दूसरी मंजिल पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक छात्र ने आत्महत्या को लेकर गांव के तीन आरोपितो को सुसाइड नोट मे उत्पीडन के लिए जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि पुलिस ने मृतक छात्र के भाई धर्मेन्द्र की तहरीर पर आरोपितो के खिलाफ शनिवार की रात केस भी दर्ज कर लिया है। घटना मे पुलिस अभी तक एक भी आरोपित को हिरासत मे नही ले सकी है। रविवार को मृतक छात्र के शव का पीएम कराया गया। पीएम के बाद शव घर



बेलहा गांव मे छात्र की मौत पर जाम लगाते आक्रोशित ग्रामीण

पहुंचा तो परिजन विलाप करने लगे। घर की महिलाएं धीरू के शव से लिपटकर दहाड़ मारकर रोती बिलखती दिखीं। घटना को लेकर गांव मे आक्रोश का माहौल बन गया है। आरोपितो की गिरफ्तारी न होने को लेकर ग्रामीणों ने शव को हाइवे पर रखकर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही कोतवाल संजय यादव भारी फोर्स के साथ पहुंचे तथा परिजनो व ग्रामीणों को कार्रवाई का भरोसा दिलाया। पुलिस के आश्वासन पर आधे घंटे के भीतर ही लोगों ने मार्ग जाम समाप्त कर दिया और परिजन छात्र के शव को लेकर अंतिम संस्कार को चले गये। इधर आईटीआई छात्र की आत्महत्या की गुत्थी दूसरे दिन भी अनसुलझी दिखी है। मृतक छात्र ने सुसाइड नोट मे यह तो जाहिर किया है कि उसकी मौत के जिम्मेदार कौन-कौन है किन्तु उत्पीडन को लेकर सुसाइड नोट से भी पुलिस को कोई क्लू नही मिल

**आक्रोशित ग्रामीणों ने कालाकांकर-लालगंज हाइवे पर किया मार्ग जाम**

सका है। गांव मे छात्र की आत्महत्या को लेकर उसके किसी प्रेम प्रसंग के चलते आरोपितो द्वारा वसूली की बात जरूर अंदर ही अंदर तैरती दिख रही है। परिजन भी मृतक छात्र की आत्महत्या के कारणो को लेकर रविवार को भी मुंह खोलते नही दिखे। ऐसे मे मृतक छात्र की आत्महत्या की गुत्थी को सुलझाने और आरोपितो पर शिकंजा कसने को लेकर पुलिसिया चुनौती बनी हुई है। कोतवाल संजय यादव का कहना है, छात्र की आत्महत्या को लेकर कई पहलुओं पर जांच की जा रही है, शीघ्र ही घटना के कारणो का खुलासा कर आरोपितो के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी। इधर दूसरे दिन भी मृतक छात्र के परिजन घटना को लेकर बदहवाश दिखे। होनहार छात्र की मौत के सदमे के चलते जोखूलाल के घर रविवार को भी चूल्हा नही जल सका दिखा। वहीं मृतक छात्र की मां गुडडी बार बार बेटे की मौत के सदमे मे बेहोश होती देखी गई।

## कुंडा की घटना दर्दनाक : परिजनों को सरकार से पांच लाख मुआवजे की मांग

**प्रतापगढ़।** जिले के कुण्डा इलाके में एक साथ चैदह बरातियों की हादसे मे मौत को लेकर शुक्रवार को हर तरफ गम का माहौल था,सबकी आखें नम थी, चीख पुकार से पूरा क्षेत्र कंपित हो रहा था,जिसने भी उस भयावह घटना को देखा वह स्तब्ध रह गया था । कलेक्ट्रेट कचहरी से लेकर जिले की हर हॉट बाजारों मे हादसे मे इतनी बडी संख्या मे मौत को लेकर चर्चा बनी दिखी। दुर्घटना मे आधा दर्जन मासूम बच्चो की किलकारियां छिन जाने से भी लोगों मे गम कुछ ज्यादा ही सालता दिखा। वहीं घटना से प्रभावित जिरगापुर गांव मे गमगीन माहौल था, महिलाओं का विलाप देखकर लोग भावुक हो उठे थे, जिगर के टुकडो का किलकारी की जगह खामोशी के साथ सदा सर्वदा के लिए दूर हो जाना महिलाओं को तो अखर ही रहा था। क्या बुजुर्ग क्या बच्चे सबकी आंखे भर आई थी। कुंडा तहसील क्षेत्र के मानिकपुर स्थित इंदारा गांव के पास हुए सड़क हादसे में 14 लोगों की मृत्यु पर जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने गहरी शोक संवेदना जताने के साथ ही परिजनों को सरकार से आर्थिक सहायता के तौर पर कम से कम ?5 लाख मुआवजे की मांग की व इस घटना पर शोक व्यक्त किया ।

### दो वाहनों की भिड़ंत में चार लोग घायल

**कुंडा प्रतापगढ़।** वाहनों में आमने–सामने की भिड़ंत में चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी भेजवाया।इटावा के सैफई निवासी सुनील कुमार (30), पवन कुमार (35) एवं नीरज यादव (40) चार पहिया वाहन से वाराणसी से दर्शन करके घर जा रहे थे। नगर कोतवाली क्षेत्र के पृथ्वीगंज पुलिस चैकी अंतर्गत छैवा पुल के पास लखनऊ की तरफ से आ रही पिकअप से उनके वाहन की भिड़ंत गई। इसमें उक्त तीनों लोगों के साथ पिकअप वाहन चालक अख्तर अली (32) निवासी मोहम्मद पुरगढ़ी लखनऊ भी घायल हो गया। पुलिस ने सभी को इलाज के लिए भिजवाया और दोनों वाहनों को कब्जे में लिया।



एमएलसी चुनाव को लेकर चुनावी सभा में उपस्थित शिक्षक।

## गोपाष्टमी पर गौशाला में पूजे गए निराश्रित गौवंश



गौ पूजा करते चेयरमैन अझुवा



विधि विधान से गाय की पूजा करते चायल विधायक संजय गुप्ता

**अझुवा कौशाम्बी।** प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार गौशालाओं में रहने वाले गौवंशो की विधि विधान से पूजाकर गुड़,रोटी अनाज लड्डू आदि खिलाकर नगर पंचायत की खुशहाली के लिए कामना की गई।

इस कार्यक्रम के संपादन के लिए नगर पंचायत के चेयरमैन अनिल कुमार के नेतृत्व में वरिष्ठ लेखा लिपिक साकेत चंद्र श्रीवास्तव सहित नगर पंचायत कर्मियों के साथ वार्ड नं .2 स्थित अस्थायी गौशाला में पहुंचकर दीपक जला कर गुड़ केला लड्डू खिला कर फूल माला गंगाजल इत्यादि वस्तुओं से इनकी पूजा की। चेयर मैन अनिल कुमार ने कहा सभी लोगों को गौवंशों का पूजन कर उसके वैज्ञानिक तथा आध्यात्मिक महत्व को समझते हुए गौ रक्षा की ओर गौसंवर्धन का संकल्प लेना चाहिए!! ततपश्चात गौशाला की रखवाली करने वालों को आर्थिक दान कर नगर के सुखसमृद्धि की कामना की।इस अवसर पर नगर पंचायत के सभासद प्रतिनिधि रवि अग्रहरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### विधायक संजय गुप्ता ने की विधि विधान से पूजा

**कौशाम्बी।** विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने आपने केपीएस विद्यालय परिसर में रिद्धि सिद्धि सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित गौशाला जिसमें लगभग 30 गौ माताओं का रविवार को विधायक चायल ने पूरे विधि विधान के साथ व मंत्रोच्चारण के साथ सभी गौ माता का पूजन किया साथ ही विधायक ने कहा की मुख्यमंत्री पूज्य योगी के निर्देश है कि इस गोपाष्टमी को अवसर के रूप में मनाया जाए ।आज हम गौ माता का पूजन कर रहे हैं और गौ माता का आशीर्वाद प्राप्त किया हमारी ऐसी आस्था है कि गौ माता के अंदर 33 करोड़ देवी देवताओं का वास होता है आज हमने पूजन कर गौ माता का समस्त आशीर्वाद प्राप्त किया। इस उत्सव के अवसर पर केपीएस प्रिंसिपल सीमा पवार रिद्धि सिद्धि कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन डॉक्टर मयंक मिश्रा पूर्व चेयरमैन भरवारी गंगा प्रसाद काले, हर्ष केसरवानी, अशोक केसरवानी, मनोज शुक्ला, डॉक्टर सुधीर कुमार, मीडिया प्रभारी सूरज यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

### योगीराज में न्याय को तरस रहे भाजपा नेता

**कौशांबी।** सूबे में योगी की सरकार है और आम जनता को सुशासन देने की बात करने वाली योगी सरकार में भाजपा नेता ही न्याय के लिए तरस रहे हैं योगी सरकार की पुलिसिया व्यवस्था में आए दिन भाजपा नेता प्रताड़ित किए जा रहे हैं काजू गांव के भाजपा नेता उमेश केसरवानी के साथ अराजक तत्वों और पुलिसिया उत्पीड़न का उदाहरण योगी सरकार की बदतर कानून व्यवस्था के लिए पर्याप्त है।

### तालाब में गेस्ट हाउस बनाने के मामले में क्यों चुप हैं जिम्मेदार

**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के चरवा थाना अंतर्गत काजू गांव में सरकार से नीलामी में खरीदी गई आराजी भूमि संख्या 470 के मामले में बार-बार आदेश पलटने वाले तहसील प्रशासन सरकारी तालाब में अराजक तत्वों के बनाए जा रहे गेस्ट हाउस के मामले में क्यों चुप बैठा है तालाबी नंबर में गेस्ट हाउस बनाए जाने के मामले को लेकर राजस्व कर्मियी की भूमिका सवालों के घेरे में है और इन राजस्व कर्मियों की भूमिका पर भी आला अधिकारी ने गंभीरता नहीं दिखाई तो बड़ा खून खराबा से इनकार नहीं किया जा सकता।

## आदर्श आचार संहिता की धज्जियां उड़ाते हुए चुनाव प्रचार का हिस्सा बने शिक्षक

### बीएसए कार्यालय के सामने एक गेस्ट हाउस में शिक्षकों ने खुले आम उड़ाई आदर्श आचार संहिता की धज्जियां

**कौशांबी।** जिले में परिषदीय स्कूल के शिक्षकों को आला अधिकारियों से लेकर शासन का खौफ नहीं है एमएलसी चुनाव के आते ही परिषदीय स्कूल के शिक्षक सक्रिय हो गए हैं और वह चुनावी सभा के माध्यम से खुलेआम एमएलसी प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार कर आदर्श आचार संहिता की धज्जियां उड़ा रहे हैं इतना ही नहीं चुनावी रैली में पहुंचने को लेकर समय से पहले स्कूल छोड़कर शिक्षक सभा स्थल पर पहुंच रहे हैं जिले में बीएसए कार्यालय के सामने एक गेस्ट हाउस में एक चुनावी रैली में सैकड़ो शिक्षकों ने भाग लिया आदर्श आचार संहिता की धज्जियां उड़ाते हुए चुनाव प्रचार का हिस्सा शिक्षक बने शिक्षकों के चुनाव रैली में शामिल होने के इस मामले से बेसिक शिक्षा विभाग अनजान बन रहा है बेसिक विभाग के शिक्षकों की मनमानी बढ़ती जा रही है। अब परिषदीय शिक्षक शासकीय फरमान को दर किनार कर विद्यालय टाइम में चुनावी सभाएं कर रहें है। शनिवार को जिला मुख्यालय में बीएसए कार्यालय से महज चंद कदम की दूरी पर स्नातक एमएलसी प्रत्याशी डॉ० हरि प्रसाद यादव के लिए चुनावी सभा कर शिक्षकों से एकजुट होकर वोट करने की अपील किया। शासकीय फरमान के मुताबिक कोई भी सरकारी कर्मचारी या अधिकारी किसी चुनावी सभा में शामिल नहीं होगा। न ही कोई भी चुनावी मंच साझा करेगा। लेकिन कौशाम्बी में परिषदीय शिक्षकों के लिए शासकीय फरमान भी कोई मायने नहीं रखता है। शनिवार को एक ब्लाक अध्यक्ष के आवाहन पर मंझनपुर जिला मुख्यालय में बीएसए ऑफिस से 20 मीटर की दूरी पर स्नातक एमएलसी प्रत्याशी डॉ० हरि प्रसाद यादव को जिताने के लिए शिक्षकों की चुनावी सभा एक गेस्ट हाउस में आयोजित हुई। सभा में सैकड़ों शिक्षक सम्मलित हुए। सबसे मजेदार बात यह है कि चुनावी सभा में शामिल होने के लिए शिक्षक 2 बजे से ही गेस्ट हाउस में उपस्थित हो गए थे। जबकि 8:30 से 3:30 बजे तक विद्यालय खुलने का टाइम है। विद्यालय टाइम में हुई चुनावी सभा में शामिल शिक्षकों पर अफसरों ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं किया है। इससे विभागीय अफसरों की मन्सा भी साफ नहीं दिख रही है।

**क्या बोले अधिकारी**

**कौशाम्बी।** अमित कुमार सिंह जिलाधिकारी ने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं है। यदि विद्यालय टाइम में शिक्षकों की सभा हुई है, तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### परिवहन और यातायात प्रभारी ने की संयुक्त कार्रवाई

**अझुवा कौशाम्बी।** यातायात माह के अवसर पर परिवहन विभाग के आरटीओ शंकर जी सिंह और यातायात प्रभारी रविंद्र त्रिपाठी के मार्गदर्शन में इस स्कूल में संचालित बसों जो छात्रों और छात्राओं का लाने और ले जाने का कार्य करती हैं ।का निरीक्षण किया गया एवं ड्राइवर और कंडक्टरो का आधार कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस चेक किया गया और संबंधित को आदेशित किया गया क्षमता से अधिक छात्र और छात्राओं को बस में सवार ना करवाएं बस में सवार छात्र छात्राओं के मध्य बैठने की उचित दूरी अनिवार्य है जो भी बस संचालक और स्कूल संरक्षक इन नियमों और निदेर्शों का पालन नहीं करेगा उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## हेलमेट नहीं तो कटेगा बाइक का चालान

### यातायात नियमों को करना होगा पालन

**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी।** कोखराज थाना के अंतर्गत सहजादपुर पुलिस चौकी के पास यातायात माह होने के कारण अधिकारियों , कर्मचारियों ,छात्रों व समाजसेवियों द्वारा लगातार यातायात के नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है ।उसके बावजूद अभी भी लोग वाहन चलाते समय यातायात के नियमों का पालन करने में अनदेखी कर रहे है।

इसी के चलते रविवार को चौकी प्रभारी शहजादपुर राजीव नारायण सिंह ने टेढ़ीमोड में वाहनों का सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 25 बाइकों का चालान किया है इस दौरान ?1000 जुमार्ना बाइक



चालकों को उन्होंने संदेश दिया कि घर बाहर बाइक लेकर निकले तो हेलमेट और मास्क जरूर लगाकर चले । बिना हेलमेट के बाइक चलाएंगे तो चालान जरूर कटेगा।

## पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष सिंह पटेल बनाये गये भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री

**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष सिंह पटेल को भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चन्द्र श्रीवास्तव द्वारा क्षेत्रीय महामंत्री काशी क्षेत्र जैसी बड़ी जिम्मेदारी सौपी है जैसे ही उक्त सूचना जनपद के भाजपा कार्यकताओं को मिली तो जनपद के कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। लगातार कार्यकताओं द्वारा बधाई देने का तांता लग गया। वही हजारों कार्यकताओं ने अपने खुशियों का इजहार सोशल मीडिया पर बधाई संदेश देकर दिया।

**संतोष सिंह पटेल ने कहा जो दायित्व दिया गया है पार्टी की रीत-नीत दीनदयाल श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शो को मानते हुये संगठन को मजबूती देने के लिये पूरा प्रयास करूँगा**



बतातें चले की श्री पटेल को सर्वप्रथम राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवक के रूप में संगठन का कार्य कर रहे थे। सन् 1999 में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा का जिला महामंत्री बनाये गये। उसके बाद 2001 में युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष जैसी जिम्मेदारी दी गयी। 2004 में जिला महामंत्री भाजपा, 2007 में जिला उपाध्यक्ष, 2013 से 2016 तक जिलाध्यक्ष भाजपा, 2014 मे ही सिराथू विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्यासी के रूप में चुनाव लड़े। 2016 में सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक रहे। इसके अलावा किसान मोर्चा राष्ट्रीय समिति, भाजपा प्रदेश परिषद व 2005 से 2015 तक निदेशक दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति व ब्लाक प्रमुख नेवादा जैसे महत्वपूर्ण पदो पर कार्य किये। संतोष सिंह पटेल ने कहा कि संगठन द्वारा जो भी दायित्व दिया गया है उसको भारतीय जनता पार्टी की रीत-नीत व दीनदयाल जी और श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के आदर्शो को मानते हुये संगठन को मजबूती देने के लिये पूरा प्रयास करूँगा। बधाई देने प्रमुख रूप से डा0 गुलाब चन्द्र कुशवाहा, सोमेश्वर तिवारी, राजेन्द्र पाण्डेय चन्द्रदत्त शुक्ला, हीरा लाल, आशीष केशरवानी, हिमांशु पाण्डेय, रामानन्द पाल, रानू विश्वकर्मा, आयुष तिवारी, राजकमल पाल, संतोष तिवारी, बब्लू गर्ग, शिवम मिश्रा, राजीव कुमार रैना, दिनेश सोनकर, अलोक तिवारी, पुष्पराज सिंह, प्रतीक जायसवाल आदि लोग शामिल रहे।

## असलहों से लैस अराजकतत्वों ने आधी रात भाजपा नेता के घर जमकर की फायरिंग

**कौशाम्बी।** सुशासन की बात करने वाली योगी सरकार में भी अराजक तत्वों के हौसले बुलंद हैं और जब मर्जी हुई अराजकतत्व हमला कर देते हैं पुलिस तमाशबीन बनकर रह जाती है बीती रात एक वरिष्ठ भाजपा नेता के घर 70 से अधिक सशस्त्र असलहा धारी अराजक तत्वों ने धावा बोल दिया भाजपा नेता के घर चढ़कर अराजक तत्वों ने दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया संबर डालकर दरवाजा तोड़ने का प्रयास हुआ उनके चबूतरे में चढ़कर दरवाजों में कई राउंड फायरिंग किया गया जिससे भाजपा नेता के घर के दरवाजे में कई छेद हो गए सशस्त्र अराजकतत्वो ने आधी रात को भाजपा नेता के घर जमकर नंगा नाच किया।

इसी बीच अराजक तत्वो के बीच के दो लोग गोली का निशाना बन गए जिससे दो लोग घायल हो गए दो लोगों के घायल होते अराजकतत्व मौके से भाग खड़े हुए इसी बीच सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और अराजक तत्वों की गिरफ्तारी के बजाय भाजपा



घटनास्थल का दृश्य

नेता उनके भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर हवालात में डाल दिया पुलिस के पहुंचते ही अराजक तत्वों के कुछ साथी फिर भाजपा नेता के घर घुस गए महिलाओं से मारपीट किया घर में जमकर आधी रात को लूटपाट भी किया और आधी रात में ही अराजक तत्वों की तहरीर पर भाजपा नेता और उनके भाइयों पर प्राणघातक हमला का मुकदमा पुलिस ने दर्ज कर लिया है घटना चरवा थाना क्षेत्र के काजू गांव की है थाना पुलिस की मनमानी कार्यवाही से अराजक तत्वों के हौसले और बुलंद हैं और आगे किसी बड़ी अनहोनी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता इस गोलीकांड में घायल दो लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां से चिकित्सकों ने उन्हें इलाहाबाद रेफर कर दिया है अराजक तत्वों के आतंक अत्याचार से त्रस्त वरिष्ठ भाजपा नेता के परिजन घर छोड़कर फरार हो गए हैं पुलिसिया कार्यवाही की चहुंओर निंदा हो रही है। घटनाक्रम के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के काजू गांव के रहने वाले उमेश केसरवानी भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में शामिल है बीते चार दशक से वह भाजपा के विभिन्न पदों पर रह चुके हैं भाजपा नेता उमेश केसरवानी के पिता मानिक चन्द्र ने सहायक कलेक्टर चायल की नीलामी 22 10 1990 को एक सरकारी भूमि आराजी संख्या 470 खरीदी थी जिस पर तत्कालीन सहायक कलेक्टर आईएएस जीवेश नंदन ने उन्हें काबिज कराया था इसी भूमि के एक हिस्से में उनके भाइयों ने घर बना रखा है अन्य हिस्सो पर भाजपा नेता उमेश केसरवानी निर्माण कर रहे थे जिस पर यह पूर्व से काबिज है कृषि भूमि पर इन्होंने पशु बड़ा बना रखा है इनकी भूमि के पीछे सरकारी तालाब बंजर भूमि है जिस पर गांव के अराजक तत्व जबरिया कब्जा कर गेस्ट हाउस का निर्माण कर रहे हैं और तहसील से लेकर जिला प्रशासन अराजक तत्वों के तालाब पर कब्जे को तमाशबीन बनकर देख रहा है गेस्ट हाउस के लिए भाजपा नेता की जमीन से अराजक तत्व रास्ता चाहते हैं भाजपा नेता ने अपनी भूमिधरी भूमि से रास्ता देने से इंकार कर दिया यही से विवाद शुरू हो गया पूर्व मे उप जिला अधिकारी चायल द्वारा नीलाम कर उमेश केशवानी के पिता के हाथ बेची गई जमीन पर पहले तो उपजिलाधिकारी चायल इन्हें निर्माण करने की छूट दे दी फिर उसी जमीन पर उप जिलाधिकारी चायल ने स्टे दे दिया अब सवाल उठता है कि एसडीएम चायल से नीलामी में खरीदी गई जमीन पर किस आधार पर वर्तमान एसडीएम ने इस पर स्टे दे दिया है एसडीएम से स्टे मिलने के बाद भाजपा नेता ने निर्माण को रोक दिया निर्माण रोक दिए जाने के बाद हौसला बंद अराजक तत्वों ने आधी रात को सशस्त्र असलहों से लैस होकर भाजपा नेता के घर पर चढ़ाई कर दी अराजक तत्वों की संख्या 70 के आसपास बताई जाती है। अराजक तत्वों ने आधी रात को घंटों भाजपा नेता के घर पर फायरिंग की निमार्णाधीन भवन की दीवारें तोड़ दी गई है लेकिन इसी बीच अराजक तत्वों के बीच के दो लोग दिवाकर दुबे पुत्र धर्म नारायण दुबे मोहित दुबे पुत्र अवधेश दुबे गोली के शिकार हो गए दोनों लहूलुहान होकर गिर पड़े घायल अवस्था में दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।अब सवाल उठता है कि भयभीत भाजपा नेता का घर पूरी तरह से बंद था वह जान बचा कर दुबके थे सशस्त्र अराजक तत्वों ने उनके घर को पूरी तरह से घेर रखा था और लगातार फायरिंग हो रही थी। आक्रोशित अराजक तत्व उनके प्राण लेना चाहते थे अंदर से गोली चलने के कोई निशान भी मौके पर नहीं है अराजक तत्वों के बीच के दो लोग कैसे गोली से घायल हुए हैं कहीं अराजक तत्वों द्वारा लगातार की जा रही फायरिंग से तो दो लोग नहीं घायल हुए हैं इस दिशा में जांच करने के बजाए जिस भाजपा नेता के घर अराजक तत्वों ने आधी रात को हमला जमकर फायरिंग की थी पीड़ित भाजपा नेता और उनके भाइयों को ही चरवा पुलिस ने आधी रात को गिरफ्तार कर हवालात में डाल दिया और अराजक तत्वों की तहरीर पर चरवा पुलिस ने भाजपा नेता और उनके भाइयों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पूर्व आईएएस का आदेश नहीं मानते एसडीएम थानेदार

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के काजू गांव में शनिवार की रात सशस्त्र अराजक तत्वों के हमले के पीछे उप जिला अधिकारी और थानेदार की भी ढुलमुल रवैया सामने आई है उप जिलाधिकारी और थानेदार ने पूर्व आईएएस के आदेश का ईमानदारी से पालन कराया होता तो अराजक तत्वों के हौसले इतने बुलंद ना होते बड़ी घटना होने से रुक जाती लेकिन पूर्व आईएएस के आदेश का पालन तहसील थाना पुलिस नहीं करा सकी जिसके चलते अराजक तत्वों ने भाजपा नेता के घर आधी रात को हमला कर दिया।

### सामांतरण थानेदार बना थाना प्रभारी

**कौशांबी।** चरवा थाने की कमान भले ही संत शरण सिंह को मिली हो लेकिन सच्चाई यह है कि चरवा थाने को बीते 15 वर्षों से मंदिर का एक पुजारी चला रहा है थानेदार का स्थानांतरण तो आला अधिकारी कर देते हैं लेकिन मंदिर के पुजारी के थाना चलाने के मामले में स्थानांतरण कौन करेगा थाने में थानेदार का आदेश का पालन भले ही ना हो लेकिन इस पुजारी के आदेश का पालन करने में हिला हवाली करने की जुर्रत किसी की नहीं होती है और भाजपा नेता की जमीन कब्जा करना उनके घर में आधी रात को हमला कर फायरिंग करने के इस मामले में पुजारी की भूमिका अहम है लेकिन क्या आला अधिकारी समानतारण थानेदार बन चुके पुजारी की भूमिका को संज्ञान लेंगे।